27.06.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- रतलाम में राईज 2025 कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन।
- केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपातकाल को न भूलने वाला अनुभव बताया।
- ओडिशा के पुरी में भगवान जनगन्नाथ की रथयात्रा की हुई शुरूआत, प्रदेश में अनेक स्थानों पर हुए आयोजन।
- प्रदेश में बारिश दौर जारी, मौसम विभाग ने एक जुलाई तक सभी जिलों में बारिश का जारी किया अलर्ट।

रतलाम मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रतलाम में आयोजित राईज 2025 कॉन्क्लेव में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया और उद्यमियों से संवाद कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने 329 हेक्टेयर के 242 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 16 नवीन औद्योगिक क्षेत्रों का सिंगल क्लिक द्वारा भूमिपूजन व लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 538 औद्योगिक इकाइयों को 54 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 73.43 हेक्टेयर के ₹104 करोड़ की लागत से तैयार होने वाले 10 राज्य क्लस्टर एवं अलीराजपुर सीएफसी का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रतलाम की नई पहचान बनने जा रही है।

शिवराज आपातकाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज उत्तर प्रदेश ds वाराणसी में आपातकाल के काले अध्याय की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित संगोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर उन्होंने कहा कि देश आपातकाल की क्रूर कथा कभी न भूले, इसलिए संविधान हत्या दिवस मनाना जरूरी है।

आपातकाल मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल लागू करना तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा संविधान की हत्या थी। आपातकाल लागू करने के संबंध में न केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी न ही राज्यों की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल में आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के पालन करने वाले यदि भ्रष्ट हो जाए तो फिर आपातकाल जैसी स्थिति होती है।

शाह - विश्व पुलिस खेल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2029 के विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए भारत को मेजबान देश के रूप में नामित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत की यह सफलता देश के विशाल खेल बुनियादी ढांचे की वैश्विक मान्यता को दर्शाती है। श्री शाह ने कहा कि खेलों के केन्द्र के रूप में अहमदाबाद का चयन शहर की बढ़ती प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी और एनएचपीसी के मध्य हस्ताक्षर हुए और एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। अनुबंध के आधार पर एनएचपीसी की अरुणाचल प्रदेश के लोअर दि बांग वैली जिले में स्थित बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना से मध्यप्रदेश को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत मिलेगी।

राष्ट्रपति-एम.एस.एम.ई.

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के सतत आर्थिक विकास के लिए एक मजबूत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, एम.एस.एम.ई. तंत्र ज़रूरी है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ है। आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. क्षेत्र देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण क्षेत्र में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान है। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर में एम.एस.एम.ई. की भूमिका को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2017 में 27 जून को अंतरराष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस के रूप में नामित किया।

पुरी रथ यात्रा

ओडिसा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्वप्रसिद्ध वार्षिक रथ यात्रा आज से शुरू हो गई है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ और उनके बड़े भाई बलभद्र और छोटी बहन देवी सुभद्रा के विग्रह रथों में सवार होकर दर्शन देते हैं और मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाने के लिए तैयार होते हैं। इस वर्ष करीब 13 लाख भक्त इस उत्सव में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जगन्नाथ पुरी रथ यात्रा के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालु भव्य रथों पर विराजमान भगवान बलभद्र, भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा के विग्रह और चक्रराज

सुदर्शन के दर्शन कर दिव्य अनुभव प्राप्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। प्रदेश में भी आज रथ यात्राओं का आयोजन किया गया। भोपाल में कई स्थानों पर रथयात्राओं का आयोजन किया गया। नर्मदापुरम में आज शाम को यात्रा निकाली गयी।

भोपाल बड़ा तालाब

भोपाल के बड़ा तालाब स्थित 3 ईएमई प्रशिक्षण केंद्र, खानूगांव में आज भारतीय सेना के नेतृत्व में बाढ़ राहत और खोज-बचाव कार्यों की मॉक ड्रिल की शुरूआत हुई। इस अभ्यास में सेना के साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और गृह विभाग की टीमें शामिल रहीं। यह अभ्यास के दौरान एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़ प्रभावित इलाकों की तरह पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। आज प्रदेश के मंदसौर] नीमच] गुना] सिंगरौली और दमोह जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा इन्दौर] भोपाल] धार] झाबुआ सहित सभी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में आज भोपाल] खरगोन] मउगंज में तेज बारिश हुई। प्रदेश में सर्वाधिक बारिश खिरकिया] उदयनगर] मेघनगर] टीमरनी में दर्ज की गई। हरदा] देवास और झाबुआ जिला में अति भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग ने एक जुलाई तक पूरे प्रदेश में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले के पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने आज राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन दलहन योजना अंतर्गत लघु और सीमांत अनुसूचित जनजाति के कृषकों को उड़द मिनिकिट का वितरण किया।
- कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

- शहडोल के कामधेनु भवन में दुधारू गाय प्रतियोगिता समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता में सफल रहे पशुपालकों को पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रहे पशुपालक दीपक पाण्डेय को 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

- गुना में रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से आज जिला पंचायत विश्राम गृह में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- खंडवा में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के उद्देश्य से बूथ लेवल अधिकारियों का क्षमता संवर्धन सम्बंधी प्रशिक्षण जुलाई में होगा।

- बालाघाट जिले में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जागरूकता एवं केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा हैं। 30 जून को बालाघाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनी विद्यालय परिसर में होगा।

---------------------------